तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री


न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 13 अप्रैल 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

## भाटापारा शाखा नहर में पहुंचा गंगरेल का पानी



शाखा नहर में गंगरेल बांध का पानी छोड़ा गया। ग्रीष्म ऋतु के चलते आम निस्तारी और पानी की समस्या को देखते हुए हर साल शाखा नहर में पानी छोडा जाता है अभी जो पानी छोडा गया है। व नहर का पानी मोपका तक जा पहुंचा है। वहीं नहर के इस पानी से ग्राम पंचायत मोपका के पांच छः तालाबों को निस्तारी के लिए भरा जायेगा। वहीं तालाबों को पानी से भरे जाने के बाद यहां के सैकडों बोर पंपो में भी पर्याप्त पानी आने लगेगा जो पिछले छः माह से बारिश व इस वर्ष कम बारिश के चलते बोर पम्पो का लेबल उतर चुका है और पानी की समस्या का सामना करना पड रहा है। वहीं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा शुरू से नहर मे पानी लाने के लिए गंभीर थे और उन्ही के सार्थक प्रयास से नहर में पानी आया और मोपका सहित अन्य गांव भी इससे लाभान्वित हो रहे ▸▸ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### पलारी में कर्मा जयंती आज विधायक साहू होंगे शामिल

**पलारी।** पलारी नगर पंचायत पलारी ठाकुर देव चौक में नगर साहू के तत्वावधान में भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन 13 अप्रैल सोमवार को आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू होंगे। अध्यक्षता जगदीश साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रोहित साहू, महेंद्र मोनू साहू,प्रीतम साहू, गीता देवी साहू, गणपत साहू, उमाशंकर साहू, टोमन साहू उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आरंभ सुबह कलश यात्रा व आरती के साथ किया जाएगा पश्चात अतिथि उद्बोधन होगा । इस दौरान शैल श्रद्धा मानस परिवार का कार्यक्रम आयोजित है । नगर साहू संघ के संरक्षक बृजमोहन साहू, अध्यक्ष गोपी साहू, उपाध्यक्ष मुंशी साहू, कौशल्या साहू आदि में अधिक से अधिक सामाजिक बंधुओ को उपस्थित होने की अपील की है।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती कल



**बिलाईगढ़** । रानीगढ़ में 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर गांव के युवा संगठन, महिला समूह एवं ग्राम पंचायत छुईहा के पंच-सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी गांव में जोरों पर चल रही है। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि जयंती के अवसर पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों को याद किया जाएगा। साथ ही सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का काम कर रहे हैं।

### लूट के आरोप में तीन नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार




**रायपुर।** मुजगहन थाना क्षेत्र में आठ अप्रैल को शादी समारोह से लौट रहे परिवार के साथ लूट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में तीन नाबालिग शामिल हैं। कुल पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुके हैं। आरोपियों ने शादी से लौट रहे एक महिला समेत चार लोगों के साथ मारपीट कर सोने की चेन, नकदी, ताबीज तथा बाइक लूट ली थी। भूषण साहू की शिकायत पर पुलिस ने चेतन नामदेव, नितिन ध्रुव को गिरफ्तार किया है। चेतन तथा एक अन्य नाबालिग पूर्व में चोरी के आरोप में जेल जा चुके हैं। भूषण ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि घटना दिनांक को वो अपनी दोनों भांजी तथा साथी के साथ दो बाइक में भाठागांव से मुजगहन की ओर जा रहे थे। इस दौरान सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कालोनके पीछे की तरफ से दो बाइक में सवार होकर बदमाश मौके पर पहुंचे और अपनी बाइक अड़ाकर भूषण तथा उसके साथी की बाइक को रोक लिया और लात मारकर उन्हें बाइक से गिरा दिया।

# देर रात फूटी शाखा नहर, सेंट मैरी कॉलोनी में घुसा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

बीति रात्रि 10 बजे के आसपास सेंट मेरीस कालोनी के सामने भाटापारा शाखा नहर का हिस्सा पानी के बहाव के चलते फूट गया जिसके चलते आसपास के क्षेत्र मे पानी कालोनी एरिया मे भरना शुरू हो गया ,ज्ञात हो कि गर्मी के सीजन के चलते गंगरेल बांध का पानी नहर मे छोडा गया है वहीं पानी के तेज बहाव होने के कारण नहर के कमजोर पाट पर पानी का दबाव तेज होने के चलते उस हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया और नहर का पानी तेज गति से आसपास के क्षेत्र मे फैलने लगा उक्त घटना की सूचनी आनन फानन अधिकारीयों को दी गई मौके पर नहर के उस फूटे हिस्से जहां से पानी बह रहा था उसे प्रशासन के अधिकारियों द्वारा जेसीबी की मदद से भरने कख काम शुरु किया गया दो से तीन घंटे मशक्कत के बाद फूटे हुए हिस्से को मिट्टी से भरा गया । वहीं धर्मगुरू बालदास साहेब एवं खुशवंत साहेब के धर्म प्रतिनिधि देवनारायण बांधे को इसकी जानकारी मिलने पर उनके द्वारा प्रशासन एवं बिजली विभाग को इसकी जानकारी दी ।

## प्रशासन ने 3 घंटे की मशक्कत के बाद बहाव को रोका



### अधिक दबाव के चलते नहर फूटी

वहीं मौके पर पहुंचे तहसीलदार यशवंत राज एवं जल संसाधन विभाग के एस.डी.ओ. बी.एल. खांडेल का कहना है कि नहर के बाजू नाला निर्माण के लिए गड्ढा किया गया है जिसके चलते नहर का वह हिस्सा कमजोर था और पानी का दबाव अधिक होने कारण दबाव नही सह पाया और वो हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर फूट गया और पानी का फैलाव आसपास के क्षेत्र मे होने लगा जिसे प्रारंभिक मरम्मत कर पानी को बहने से रोका गया। इसके प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचकर नहर के मरम्मत का काम शुरू कराया।

## हादसा : पुलिस जांच में जुटी, ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज

# ट्रॉली के पहिए के नीचे आने से युवक की मौत पेट पर चढ़ा टायर, बम्हनी में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भवानीपुर

गिधपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम बम्हनी में शनिवार सुबह एक भीषण ट्रैक्टर हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। तेज रफ्तार ट्रैक्टर से गिरने के बाद ट्रॉली की चपेट में आने से 42 वर्षीय युवक खेलावन सगरवंशी की जान चली गई।



पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। गिधपुरी थाना प्रभारी उनेश देशमुख से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना 11 अप्रैल 2026 की सुबह लगभग 8:30 बजे की है। ट्रैक्टर (क्रमांक सीजी 22 एएच 7015) का चालक विजय कुमार सगरवंशी, गांव के ही शुभम और खेलावन को साथ बैठाकर कलिंदर बाड़ी की ओर जा रहा था। महानदी मार्ग की कच्ची सड़क पर अश्वनी निषाद के घर के पास चालक ने ट्रैक्टर को तेज गति और लापरवाही से चलाया, जिससे इंजन पर बगल में बैठे खेलावन सगरवंशी अपना संतुलन खो बैठे और सीधे नीचे गिर गए।

### ट्रॉली के पहिए के नीचे आने से हुआ गंभीर हादसा

खेलावन के गिरते ही ट्रैक्टर के पीछे लगी ट्रॉली (क्रमांक सीजी 22 एएच 8715) का भारी पहिया उनके पेट के ऊपर से गुजर गया। हादसे के तुरंत बाद गंभीर रूप से घायल खेलावन को विजय और गौरव सगरवंशी ने मोटरसाइकिल से पलारी के शासकीय अस्पताल पहुँचाया। हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल बलौदाबाजार रेफर कर दिया। एम्बुलेंस की मदद से उन्हें बलौदाबाजार के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर जांच शुरू की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। खेलावन की असमय मौत से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे बम्हनी गांव में मातम छाया हुआ है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## हाइवा की चपेट में आने से 16 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत

**भैंसा।** रायपुर-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर बेलगाम रफ़्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन हो रहे हादसों की कड़ी में रविवार को भैंसा मुख्य मार्ग पर एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें महज 16 वर्षीय बाइक सवार किशोर भुनेश्वर वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक भुनेश्वर वर्मा पिता रिझन वर्मा, मूल रूप से ग्राम खपरी निवासी अपने नाना सीताराम वर्मा के पास रहता था और वर्तमान में भैंसा में मजदूरी कर परिवार के भरण-पोषण में हाथ बंटाता था। रविवार को जब वह अपनी बाइक (क्रमांक सीजी 04 एचएम 6190) से राज राजेश्वरी किराना दुकान के सामने से गुजर रहा था, तभी तेज रफ़्तार हाइवा (क्रमांक सीजी 13 एडब्लू 9775) ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि किशोर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।



### चौड़ीकरण में देरी पड़ रही भारी

रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग अब दुर्घटनाओं का 'ब्लैक स्पॉट' बनता जा रहा है। विगत दिनों ही करमा मोड़ के पास एक व्यक्ति की जान गई थी। हालांकि शासन द्वारा इस मार्ग को फोरलेन बनाने की स्वीकृति दे दी गई है, लेकिन निर्माण कार्य शुरू होने में हो रही देरी लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। सड़क संकरी होने और भारी वाहनों के अत्यधिक दबाव के कारण हर ▸▸ शेष पेज 11 पर

## डबरी में डूबने से बच्चे की मौत

**बंगोली।** खरोरा क्षेत्र के ग्राम बरौंडा में शनिवार की शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ डबरी (छोटा तालाब) में नहाने गए एक 6 वर्षीय मासूम बच्चे की डूबने से मौत हो गई। मृतक बालक, ग्राम बरौंडा निवासी शिक्षक राजकुमार श्रेय का ज्येष्ठ पुत्र था। इस घटना के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार संध्या को मासूम बालक घर के पास स्थित डबरी में नहाने के लिए गया था। उसने अपने कपड़े डबरी के पार पर बाहर निकाले और पानी में कूद गया। उस समय वहां आसपास कोई और मौजूद नहीं था। काफी देर तक जब बच्चा घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

**जाल डालकर निकाला गया बाहर:** खोजबीन के दौरान जब डबरी के किनारे बालक के कपड़े मिले, तो अनहोनी की शंका गहरा गई। तत्काल जाल मंगाकर डबरी में तलाशी ली गई, जहाँ मासूम का शरीर पानी के भीतर मिला। पिता राजकुमार श्रेय ने बेटे की जान बचाने की आस में उसे तुरंत सारागांव और खरोरा के अस्पतालों में ले गए, जहां से उसे रायपुर रेफर किया गया। लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**गांव में शोक की लहर:** एक हंसते-खेलते बच्चे की इस तरह अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। खरोरा पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा करने के पश्चात उसे अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है। इस घटना ने एक बार फिर जल निकायों के पास बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

## 1 मई से शुरू होगा मकानों का सूचीकरण

**बलौदाबाजार।** भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण "मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना " का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में 01 मई से 30 मई 2026 तक 30 दिनों की अवधि मे संचालित किया जाएगा। यह चरण जनगणना प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण भाग है, जिसके माध्यम से प्रत्येक आवासीय एवं गैर-आवासीय भवन, मकान की स्थिति, उपयोग एवं उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्रित की जाएगी। डिजिटल इंडिया के अंतर्गत इस बार आम जनता की सुविधा के लिए स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। इच्छुक नागरिक 16 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 के मध्य निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपने परिवार एवं मकान से संबंधित जानकारी दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना करने वाले परिवारों को एक स्व-गणना आईडी प्रदान की जाएगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक होगा तथा प्रगणक के आने पर प्रगणकों को देना होगा। आपके द्वारा भरी जानकारी की पुष्टि के बाद प्रगणक उसे सब्मिट कर देगा।

इस चरण के अंतर्गत निम्नलिखित बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित की जाएगी - प्रत्येक भवन एवं मकान की संख्या, स्थिति एवं प्रकार, मकान का उपयोग, ▸▸ शेष पेज 11 पर

# कलेक्टर ने पीएम आवास के हितग्राही को गृह प्रवेश कराकर सौंपी चाबी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

- आवास के पास सोखता गड्ढा निर्माण पर मिली सराहना

कुलदीप शर्मा ने तहसील अंतर्गत विभिन्न ग्रामो के दौरे के क्रम में ग्राम खैरी (आर ) में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही तीजमती को गृह प्रवेश कराया और आवास क्री चाबी सौंपी।



हितग्राही के द्वारा आवास के छत के आउट लेट पाइप के पास वर्षा जल संचयन के लिए सोखता गड्ढा निर्माण किया था। कलेक्टर श्री शर्मा ने सोखता गड्ढा निर्माण पर हितग्राही क्री सराहना करते हुए उन्हें जागरूक दम्पति कहा। उन्होंने बताया कि जब बारिश होगी तो छत का पानी इस पाइप के द्वारा नीचे आएगा और इस गड्ढे में एकत्रित ▸▸ शेष पेज 11 पर

# जिला प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- एमएलजे मेवरिक्स बनी विजेता

बलौदाबाजार स्पोर्टस एशोसिएशन एवं मास्टर स्ट्रोक क्रिकेट एकेडेमी के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुख्यालय के पं. चक्रपाणि शुक्ल हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान में ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता बलौदाबाजार जिला प्रीमियर लीग 2026 का शुभारंभ शनिवार को अतिथियों संयोजक स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाऊंडेशन



पुष्पराज वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी, वरिष्ट क्रीड़ा अधिकारी प्रीति बंछोर, प्राचार्य पं. चक्रपाणि शुक्ला स्कूल वंदनी श्रीवास्तव, क्रिकेट एशोसिएशन के अध्यक्ष नीरज बाजपेयी के द्वारा माता सरस्वती की पूजा अर्चना उपरांत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। प्रतियोगिता का प्रथम मैच एमएलजे मेवरिक्स तथा बलौदाबाजार वारियर्स भट्ट इलेवन के मध्य हुआ। बलौदाबाजार वारियर ने टॉस जीतकर पहले फिल्डिंग चुना, एलएलजे की टीम द्वारा शानदार बैटिंग का नमूना प्रस्तुत करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 199 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसमें सर्वाधिक 75 रन कुनाल साव ने बनाया। वहीं अक्षत सराफ 20 रन ने अपना अहम योगदान दिया। जिसके जवाब में बैटिंग करने उतरी बलौदा ▸▸ शेष पेज 11 पर

## जनप्रतिनिधि ने जांच में सहयोग करने के बजाय गुमराह किया

# हथबंद में सरकारी जमीन पर अवैध कॉम्प्लेक्स जांच दल ने दबिश दी तो अधूरा छोड़ भागे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हथबंद

जिला सिमगा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत हथबंद के पंच मूलचंद टंडन के द्वारा अवैध कॉम्प्लेक्स का शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में कराया। जिसके चलते 9 अप्रैल को जांच अधिकारी हथबंद पंचायत पहुंचे। शिकायतकर्ता मूलचंद टंडन ने जानकारी देते हुए कहा कि दिलीप यादव पिछले 25 वर्षों से लगातार पंचायत में जन प्रतिनिधि के रूप में व उनकी पत्नी मधु यादव इस वर्ष पंच के रूप में है, जिसके विशेष अनुभव से ग्राम हथबंद के शासकीय भूमि में अलग - अलग जगहों पर अवैध रूप से कब्जा



करते हुए काम्प्लेक्स बनाए है जिन्हें किराए पर देकर लगभग 55000 हजार रुपए की कमाई कर रहे है। और शासन प्रशासन को राजस्व की छती हुंचा रहे है। साथ ही अधिकारी कॉम्प्लेक्स के पास जांच में पहुंचे तो दिलीप यादव के बड़े भाई सुरेश यादव ने पायल मोबाइल प्वाइंट व देवागन बूट हाउस 5 कॉम्प्लेक्स दिलीप यादव का नहीं है मेरा है ,जबकि दिलीप यादव उनके ▸▸ शेष पेज 11 पर

### जांच की जाएगी

सहायक विकास विस्तार अधिकारी सुरेश चक्रधारी ने जांच की प्रक्रिया पूछे जाने पर कहा कि अभी जांच जारी है, किसी भी प्रकार की जांच पूरी नहीं हो पाई है, आगे जांच को यथावत पुनः ग्राम पंचायत हथबंद में उच्चाधिकारी का आदेशानुसार जांच किया जाएगा।

### जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी से शिकायत

उपसरपंच दिलीप यादव के साथ उनके पत्नी मधु यादव व कुछ महिला पंचों ने सचिव पर अभद्र भाषा एवं कार्य की सही जानकारी नहीं देने का जिसमें सभी महिलाओं को अपने बाते बारी-बारी से मौखिक या लिखित किसी भी रूप में पंचायत के सामने रखने को बोलने पर दिलीप यादव के द्वारा गुमराह करते हुए महिला पंच एवं अपनी पत्नी पंच को जनपद में बयान देने को कहते हुए पंचायत भवन से निकल गए, जिससे जांच अधूरा रह गए।

## भीषण गर्मी से जल स्तर गिरा, पेयजल की समस्या, सूखते खेत, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

आसपास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लगातार बढ़ते तापमान और पानी की कमी के कारण खेतों में खड़ी फसलें सूखने लगी हैं, जिससे किसानों के चेहरे पर चिंता की बढ़ती लकीर को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से भाटापारा शाखा नहर में अविलंब पानी छोड़ने की मांग की है। भाटापारा शहर सहित पूरे ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का भीषण संकट पैदा हो गया है। शहर में जल स्तर इतने जल्दी नीचे चले गया है लोगो को गर्मी के इस शुरूआती माह में ही पानी की विकराल समस्या से जूझना पड़ा रहा है,वही खेतों में पर्याप्त मात्रा में पानी ना होने से उनकी खड़ी फसल को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि इस समय फसलों को पर्याप्त पानी की जरूरत होती है, लेकिन तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण मिट्टी की नमी तेजी से खत्म हो रही है। जिन किसानों के पास सिंचाई के साधन नहीं हैं,



उनकी फसलें सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही हैं। क्षेत्र के किसानों में चिंता की लकीर और नगरीय क्षेत्रों में भी तेजी से नीचे जाता जल स्तर को ध्यान में रखते हुए विधायक इन्द्र साव ने भाटापारा की जीवन दायिनी शाखा नहर में अविलंब पानी छोड़ने की मांग करते हुए जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की है। विधायक श्री साव ने कहा कि मौसम में बदलाव नहीं होने और पर्याप्त मात्रा में पानी ना मिलने से किसानों के उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है।

# भाजपा का नारी शक्ति वंदन अभियान, प्रदेशभर में होंगे कई कार्यक्रम, रायपुर में 15 को बड़ा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के पेश होने के पहले प्रदेश में भाजपा ने नारी शक्ति वंदन पर कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं। सबसे बड़ा कार्यक्रम राजधानी रायपुर में 15 अप्रैल को आयोजित किया गया है। इसी के साथ 15 और 16 अप्रैल को नारी शक्ति पदयात्रा की जाएगी।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने नारी शक्ति वंदन बिल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा, यह बिल महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया, नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। इसके तहत देश 15 प्रमुख स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें से छत्तीसगढ़ में रायपुर के पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में 15 अप्रैल को कार्यक्रम होगा। 11 से 16 अप्रैल तक संभाग स्तर पर नारी शक्ति सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इनमें सामाजिक संगठनों महिला



आयोग, अनुसूचित जाति एवं जन जाति आयोग की सक्रिय भूमिका होगी। इस कार्यक्रम में स्थानीय महिला जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति होगी। 15 और 16 अप्रैल को नारीशक्ति पदयात्रा की जाएगी। प्रत्येक पदयात्रा का प्रभारी भाजपा की महिला सांसद, विधायक एवं पदाधिकारियों को बनाया जाएगा एवं पदयात्रा का नेतृत्व प्रतिष्ठित सामाजिक सेलेब्रिटी महिला से करवाया जाएगा। श्रीमती राजवाड़े ने कहा, इसके साथ ही महिल मोर्चा एवं युवा मोर्चा द्वारा बाइक रैली की जाएगी।

### 33 प्रतिशत आरक्षण देना महिलाओं का सम्मान : सरोज

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं को केवल वोट बैंक के तौर पर तमाम राजनीतिक दलों ने देखा, लेकिन उनका अधिकार किसी ने नहीं दिया। देश की आधी आबादी को उनका अधिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है एवं सबके विकास में महिलाओं को भी जोड़ा। सुश्री पाण्डेय ने कहा, लोकतंत्र में महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया जाएगा। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नारीत्व का जो सम्मान किया है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री बने फैजल

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा अल्पसंख्यक मोर्चा में महत्वपूर्ण विस्तार करते हुए युवा भाजपा नेता फैजल खान को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला महामंत्री बनाया गया है। इस अवसर पर श्री खान ने भाजपा संगठन एवं भाजपा जिला के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।



### संत कंवरराम जयंती आज प्रसाद वितरण भी

**रायपुर।** संत कंवरराम सेवा समिति एवं संत कंवरराम नगर (कटोरा तालाब) युवा परिषद द्वारा 13 अप्रैल को संत कंवरराम की 141वीं जयंती मनाई जाएगी। साथ ही जयंती पर संतजी की प्रतिमा (संत कंवरराम चौक) पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। शाम 7.30 बजे आरती, पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष प्रेमप्रकाश मध्यानी और महासचिव अजय वलेचा ने शहरवासियों से अपील की है कि 13 अप्रैल को अपने-अपने घरों में भी संत कंवरराम साहिब का नाम सिमरन एवं पूजा अवश्य करें और अपने आसपास जरूरतमंद लोगों की मदद जरूर करें। इसी दौरान संस्था बढ़ते कदम द्वारा पशु-पक्षियों के लिए दाना सकोरा, कोटना का भी निशुल्क वितरण भी संत कंवरराम चौक पर शाम 7.15 बजे किया जाएगा।



### महिला एवं बाल विकास विभाग भ्रष्टाचार का बना अड्डा, मंत्री से इस्तीफे की मांग

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, साय सरकार में कोई ऐसा विभाग नहीं है जहां बिना कमीशन के काम हो जाए। सरकार का महिला एवं बाल विकास विभाग तो भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को छोटी साड़ी देकर सरकार ने भ्रष्टाचार की इंतहा को पार कर दिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को 6.3 मीटर की जगह 5 मीटर और 4.5 मीटर से भी कम लंबाई और चौड़ाई एवं घाटिया साड़ियां महिला एवं बाल विकास विभाग में वितरण किया गया है। उन्होंने कहा, जो साड़ी हथकरघा के बुनकरों से 500 रुपए में लेना था वही साड़ी गुजरात से 100 रुपए में खरीद कर 500 रुपए की बिलिंग करवा ली गयी।



बैठक में मुख्यमंत्री साय, प्रदेश के सभी मंत्रियों के साथ कार्यसमिति सदस्य और सभी पदाधिकारी रहेंगे

# बंगाल चुनाव के बाद कार्यसमिति से पहले परिचय के लिए होगी प्रदेश भाजपा संगठन की बड़ी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन की प्रदेश कार्यसमिति करीब डेढ़ साल से नहीं हो सकी है। इसके अभी और लंबे समय तक होने की संभावना नहीं है। इधर कार्यसमिति के सदस्यों का भी ऐलान हो गया है। अब कार्यसमिति से पहले प्रदेश भाजपा संगठन कार्यकारिणी के सदस्यों के परिचय के लिए एक बड़ी बैठक बंगाल चुनाव के बाद इस माह के अंत में या मई के पहले सप्ताह में करने की तैयारी में है। इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सभी मंत्री, कई विधायक और सांसदों के साथ ही प्रदेश के संगठन के सभी पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश भी आ सकते हैं। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल तो रहेंगे ही।

किरण देव को पूर्णकालिक अध्यक्ष बने एक साल से ज्यादा हो गया है, लेकिन अब तक एक भी कार्यसमिति नहीं हो सकी है। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि राष्ट्रीय कार्यसमिति के बाद ही आमतौर पर प्रदेश कार्यसमिति होती है। करीब डेढ़ साल से राष्ट्रीय कार्यसमिति भी नहीं हो सकी है। अब



नितिन नवीन नए राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। उनकी कार्यकारिणी के बनने के बाद जब राष्ट्रीय कार्यसमिति होगी तब जाकर प्रदेश की कार्यसमिति होगी। इसके पहले कार्यसमिति के सदस्य छह माह लंबे इंतजार के बाद अब जाकर तय हुए हैं। लेकिन प्रदेश की कार्यसमिति के लिए अभी भी लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

### डेढ़ साल से नहीं हुई है कार्यसमिति

प्रदेश कार्यसमिति हर तीन माह में करने का प्रावधान तो है, लेकिन इसके लिए सबसे अहम यह है कि राष्ट्रीय कार्यसमिति के बाद ही प्रदेश कार्यसमिति होती है। राष्ट्रीय कार्यसमिति में जो तीन माह की कार्ययोजना तय होती है, उसी पर प्रदेश कार्यसमिति में चर्चा होती है। इसके बाद जिलों और फिर मंडल में कार्यसमिति होती है।

छत्तीसगढ़ में सितंबर 2024 में भाजपा के सदस्य अभियान से पहले प्रदेश कार्यसमिति हुई थी, इसके बाद से करीब डेढ़ साल से कार्यसमिति नहीं हुई है। जानकारों का कहना है कि पहले कभी इतने लंबे समय तक कार्यसमिति का इंतजार करना नहीं पड़ा था। लेकिन इसके साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि राष्ट्रीय कार्यसमिति न होने के कारण ऐसा हो रहा है।

### पहले होगी बैठक

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी को बने भी 9 माह हो चुके है। अब कार्यसमिति के सदस्य भी तय हो गए हैं। ऐसे में भाजपा का प्रदेश संगठन अब कार्यसमिति से पहले सदस्यों के परिचय के लिए बैठक कराने की तैयारी में जुट गया है। इसको लेकर तैयारी चल रही है। संभावना है कि जैसे ही बंगाल का चुनाव निपटेंगे ठीक उसके बाद माह के अंत में यह बैठक होगी। अगर किसी से माह के अंत में बैठक नहीं हो सकी तो मई के पहले सप्ताह में बैठक का होना तय है। इसमें सभी का परिचय होगा। कार्यसमिति में मुख्यमंत्री के साथ सभी मंत्री, सारे सांसद और कई विधायक भी शामिल हैं। ये सभी बैठक में रहेंगे।

साय बोले

# महात्मा फुले ने लोगों के मन में आशा और आत्मविश्वास जगाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर शनिवार को उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले का यह 200वां जयंती वर्ष है। श्री साय ने कहा, महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले ने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास का भाव जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश मंत्री अमित साहू, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, कार्यक्रम संयोजक डॉ. कुन्ती देवी जागड़े, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी मितुल कोठारी, हरिनाथ खूंटे, राजेश्वर भार्गव, बसंत बाग, ख़ेमराज बकरे, अनिल सोनवानी, अवध राम बघेल उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री का आव्हान-पांडुलिपि संरक्षण में आगे आएं नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों से छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन ज्ञान परंपरा के संरक्षण के लिए सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है। उन्होंने कहा, हमारी पांडुलिपियां हमारी सभ्यता, संस्कृति और ज्ञान-वैभव का जीवंत प्रमाण हैं, जिन्हें सुरक्षित रखकर भावी पीढ़ियों तक पहुँचाना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया 'ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान' इस दिशा में एक दूरदर्शी और महत्वपूर्ण पहल है। यह अभियान देशभर में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वेक्षण कर उन्हें सुरक्षित, संरक्षित और डिजिटल माध्यम से सुलभ बनाने का कार्य कर रहा है।

उन्होंने प्रदेश के नागरिकों से अपील करते हुए कहा, यदि उनके पास कोई प्राचीन पांडुलिपि, हस्तलिखित ग्रंथ या ताड़पत्र सुरक्षित हैं, तो वे ज्ञानभारतम मोबाइल एप पर उनका विवरण दर्ज कर इस राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बनें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों का यह छोटा-सा प्रयास हमारी सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने में एक बड़ा योगदान सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनभागीदारी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध ज्ञान परंपरा को नई पहचान मिलेगी और यह धरोहर आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रूप से पहुंच सकेगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे अपनी जड़ों को सहेजते हुए इस सांस्कृतिक अभियान में सहभागी बनें और ज्ञान की इस अमूल्य धरोहर को गर्व के साथ आगे बढ़ाएं।



### 7 जिलों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति जल्द

छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से 26 जिलों में जिला स्तरीय समिति का गठन और नोडल अधिकारी की नियुक्ति हो गई है, शेष 7 जिलों में गठन / नियुक्ति की कार्यवाही की जा रही है। जिलों में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित कर पाण्डुलिपि संग्रह कर्त्ता व्यक्तियों / संस्थाओं को चिन्हित किया जा रहा है, तथा ग्राम/क्षेत्रवार सर्वेक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। प्रशिक्षकों को नोडल विभाग द्वारा ज्ञानभारतम के क्षेत्रीय संयोजकों के साथ मिलकर जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### 4191 पांडुलिपी का सर्वे

ज्ञानभारतम भारत सरकार से छत्तीसगढ़ में 148 पांडुलिपियों की जानकारी प्राप्त हुई थी। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से 6 जिलों में पाण्डुलिपि सर्वेक्षण का कार्य आरंभ हो गया है और अब तक 4191 पांडुलिपियों का सर्वे ज्ञानभारतम एप के माध्यम से किया जा चुका है।

# राज्य के 11 बांधों से निस्तारी और सिंचाई के लिए दिया जा रहा पानी

## राज्य के सिंचाई जलाशयों में अभी 67 प्रतिशत से अधिक जल भराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में गर्मी से पूर्व कई क्षेत्रों में मांग के अनुसार पानी छोड़ा जा रहा है। राज्य के 11 बांधों से नहर के माध्यम से पानी दिया जा रहा है। निस्तारी और सिंचाई के लिए इन बांधों से पानी दिया जा रहा है। किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं से नियंत्रित एवं चरणबद्ध रूप से जल छोड़ा जा रहा है।

गंगरेल बांध से नहरों के माध्यम से धमतरी एवं रायपुर क्षेत्रों में निस्तारी एवं सिंचाई जल उपलब्ध कराया जा रहा है। दुधावा जलाशय से मुख्य नहरों के जरिए पानी दिया जा रहा है। सोंढूर परियोजना से नहर प्रणाली के माध्यम से जल छोड़ा जा रहा है। कोडार जलाशय से लगभग 6.84 क्यूमेक्स जल नहरों के माध्यम से छोड़ा जा रहा है। परालकोट परियोजना से दाएं एवं बाएं तट नहरों के जरिए पानी वितरण किया जा रहा है। खरखरा, गोंडली, पिपरिया, सारोदा, जुमका, केदार नाला एवं अन्य जलाशयों से आवश्यकता अनुसार नहरों एवं स्लुइस गेट के माध्यम से जल छोड़ा जा रहा है, जिससे रबी फसलों की अंतिम सिंचाई एवं ग्रीष्मकालीन फसलों एवं निस्तारी के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराया जा सके।



### बांधों में 67 प्रतिशत से अधिक पानी

छत्तीसगढ़ राज्य के 12 वृहद एवं 34 मध्यम सिंचाई परियोजनाओं में इस वर्ष जल भराव की स्थिति काफी बेहतर है। वर्तमान में राज्य के कुल 46 प्रमुख सिंचाई जलाशयों में औसत रूप से 67.43 प्रतिशत जल भराव है, जो कि वर्ष 2025 में इसी अवधि में औसत रूप से 45.23 प्रतिशत तथा वर्ष 2024 के 42 प्रतिशत की तुलना में अधिक है। यह स्थिति बेहतर वर्षा, सुनियोजित जल प्रबंधन तथा जलाशयों के प्रभावी संचालन का परिणाम है।

### मनियारी में 90, कोडार में 35 प्रतिशत जल भराव

राज्य के 12 वृहद सिंचाई परियोजनाओं में वर्तमान में 68.19 प्रतिशत जल भराव है, जबकि वर्ष 2025 में यह 45.84 प्रतिशत तथा वर्ष 2024 में 38.62 प्रतिशत था। प्रमुख वृहद जलाशयों में शामिल मनियारी जलाशय में 90.41 प्रतिशत, मुरूमसिल्ली में 86.85 प्रतिशत, खारंग में 84.99 प्रतिशत, दुधावा में 84.54 प्रतिशत, रविशंकर सागर में 76.72 प्रतिशत, सोंढूर में 70.65 प्रतिशत एवं तांदुला में 66.19 प्रतिशत में जल उपलब्ध है। वहीं मिनीमाता बांगो जलाशय में 63.86 प्रतिशत तथा केलो में अभी 51.83 प्रतिशत जल भराव है। कोडार जलाशय में अपेक्षाकृत कम 35.45 प्रतिशत जल उपलब्ध है।

### छिरपानी और खपरी में 92 प्रतिशत से अधिक जल भराव

इसी प्रकार राज्य की 34 मध्यम सिंचाई परियोजनाओं में वर्तमान में 63.38 प्रतिशत जल भराव है, जो कि वर्ष 2025 के 44.62 प्रतिशत एवं वर्ष 2024 के 45.38 प्रतिशत से अधिक है। मध्यम जलाशयों में छिरपानी जलाशय में 92.23 प्रतिशत, खपरी में 92.98 प्रतिशत, पिपरिया नाला में 89.69 प्रतिशत, गोंडली में 85.53 प्रतिशत, सुतियापाट में 79.82 प्रतिशत, सारोदा में 77.57 प्रतिशत एवं कोसारटेडा में 77.46 प्रतिशत जल भराव अपने उच्च स्तर पर हैं।

रसोई गैस की कालाबाजारी बढ़ी, पुलिस और खाद्य विभाग अलर्ट

# पुलिस ने घरेलू-कमर्शियल गैस सिलेंडरों से भरा वाहन पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युद्ध के कारण एलपीजी गैस सिलेंडरों की आवक कम होने के कारण लगातार कालाबाजारी भी होने लगी है। इस कालाबाजारी में अवैध रूप से गैस सिलेंडरों की खरीदी-बिक्री करने वाले कोचिए से लेकर कुछ गैस एजेंसियों के संचालक तथा उनके कर्मचारी भी शामिल हैं। यही कारण है कि घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर ब्लैक में डेढ़ से ढाई गुना अधिक दाम पर बिक रहे हैं। खमतराई पुलिस ने शनिवार को गैस सिलेंडरों से भरा छोटा हाथी वाहन को पकड़ा है। इस वाहन में घरेलू और कमर्शियल मिलाकर कुल 42 सिलेंडर भरे हुए थे। यह वाहन लालमणि इंडेन गैस एजेंसी मोवा का है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि मौके पर वाहन चालक के पास सिलेंडरों के कोई बिल नहीं मिले हैं, लेकिन इस संबंध में एजेंसी के संचालक से पूछताछ की जा रही है। इधर खाद्य विभाग के अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि सिलेंडरों से भरा वाहन पकड़े जाने की सूचना पर पुलिस से संपर्क कर जानकारी ली जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच में अगर सिलेंडरों की कालाबाजारी होना पाया गया, तो एजेंसी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



खमतराई थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल ने बताया कि शाम करीब 5 बजे गश्त पर निकली पुलिस ने गैस सिलेंडरों से भरे वाहन को पकड़ा है। इस वाहन में आधा दर्जन से अधिक कमर्शियल गैस सिलेंडर एवं लगभग चार दर्जन घरेलू गैस सिलेंडर भरे हुए थे। इन सिलेंडरों को वाहन क्रमांक सीजी 04 ओके 2885 वाहन से ले जाया जा रहा था। पुलिस ने इसे रास्ते में पकड़कर चालक से गैस सिलेंडरों के बिल को लेकर पूछताछ की तो उसके पास कोई बिल नहीं मिले। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी को जब्ती बनाते हुए थाना लाकर मामले की जांच कर रही है।

### सिलेंडरों से भरी गाड़ी पकड़ाते ही एक्टिव हुआ खाद्य विभाग

पुलिस द्वारा सिलेंडरों से भरी गाड़ी पकड़ने की सूचना मिलते ही खाद्य विभाग तत्काल सक्रिय हो गया। इस मामले में खाद्य विभाग के अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने तत्काल एक्शन लेते हुए विभाग की महिला इंस्पेक्टर को पुलिस से संपर्क कर इस मामले की पूरी जानकारी लेने के निर्देश दिए। इस तरह विभाग भी इस मामले को संज्ञान में लेकर अपने स्तर पर जांच कर रहा है।

### कहता है नियम

गैस सिलेंडरों को डिलीवरी करने कोई भी गाड़ी अगर गैस एजेंसी या गोदाम से बाहर निकलती है, तो संबंधित वाहन चालक या कर्मचारी के पास वाहन में लदे गैस सिलेंडरों का बिल (पर्ची) होना चाहिए। बिना बिल के एक भी सिलेंडर गैस एजेंसी, गोदाम से बाहर ले जाना कहीं न कहीं अवैध परिवहन में आता है। हालांकि गैस सिलेंडरों की डिलीवरी के लिए ओटीपी सिस्टम भी अनिवार्य है। बिना ओटीपी सिलेंडर की डिलीवरी नहीं होती है। बहरहाल पकड़े गए सिलेंडरों को वैध या अवैध रूप से ले जाया जा रहा था, इसका खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही होगा।

# शाखा संगम कार्यक्रम में महिला स्वयंसेवकों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्र सेविका समिति द्वारा रायपुर में शनिवार को आयोजित शाखा संगम कार्यक्रम अत्यंत भव्य रहा। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र सेवा की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका वंदनीय शांता अक्का ने मातृत्व विषय पर गहन बौद्धिक रखते हुए हिंदू चिंतन की व्यापकता को स्पष्ट किया। उनका पूरा उद्बोधन मातृशक्ति की भूमिका, उसकी सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण में उसकी अनिवार्यता पर केंद्रित रहा। अक्काजी ने अपने



विचारों में कहा कि हिंदू संस्कृति में "मातृत्व" केवल जन्म देने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक जीवनदृष्टि है।

उन्होंने बताया कि मातृत्व का अर्थ है संस्कार देना, सुरक्षा प्रदान करना और समाज को सही दिशा देना। एक मां केवल अपने परिवार का निर्माण नहीं करती, बल्कि वह पूरे समाज और राष्ट्र के भविष्य को गढ़ती है। इसलिए हिंदू विचार में "मातृशक्ति" को देवी स्वरूप माना गया है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की बैठक, कई मुद्दों पर चर्चा

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में शनिवार को भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की वर्चुवल बैठक हुई, जिसमें प्रदेश और जिले के नवनियुक्त पदाधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में प्रदेश सहसंयोजक शरद श्रीवास्तव ने प्रदेश संयोजक अनुपम पाल का अभिनंदन किया। साथ ही प्रमुख मुद्दों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का बड़ा एवं गरिमामयी दायित्व होता है, जिसे बहुत ही जिम्मेदारी से निभाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का पोस्टर या होर्डिंग बनाते समय पार्टी प्रोटोकॉल का विशेष ध्यान दें। 6 अप्रैल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन हम सभी भाजपा के सैनिकों ने अपने निवास, कार्यालय एवं वाहन में भारतीय जनता पार्टी का ध्वज लगाए। बैठक में मोना सेन, उर्वशी साहू, पी. जयराम, शरद अग्रवाल, रवि शर्मा, मुकेश जोशी, सोलंकी सोशल, रवि जग्गी, जीवन मिश्रा, तेजराम साहू, सुतापा पाल, निशु पाण्डेय, सतेंद्र सोनी आदि शामिल थे।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए बैंक त्रुटि सुधार 18 तक

**रायपुर।** जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) योजना के अंतर्गत बैंक खाते से संबंधित त्रुटियों के सुधार के लिए 18 अप्रैल तक समय निर्धारित किया है। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक तथा आईटीआई संस्थानों में अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी, बैंक खाता बंद होने अथवा आधार से सीडिंग नहीं होने के कारण जिनकी छात्रवृत्ति राशि उनके खाते में जमा नहीं हो पाई है, वे पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन त्रुटि सुधार कर सकते हैं।

### टॉफी का डब्ल्यूओडब्ल्यू अवार्ड पूनम शर्मा को

**रायपुर।** ट्रेवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का डब्ल्यूओडब्ल्यू 2026 अवार्ड पूनम शर्मा डीजीएम छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड को उनके द्वारा ट्रेवल टूरिज्म में विशेष योगदान व महिला लीडरशिप के लिए प्रदान किया गया। टाई छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश के वरिष्ठ सदस्य रमन जादवानी ने यह अवार्ड प्रदान किया।

**भाजपा का अभियान : रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने किया जनसंवाद**

# स्वच्छता और योजनाओं को लेकर ग्रामीण हुए जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



भारतीय जनता पार्टी के "गांव चलो, बस्ती चलो" अभियान के अंतर्गत रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सघन जनसंपर्क कर ग्रामीणों एवं हितग्राहियों से सीधे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कठिया, कनकी, खरोरा, नवागांव और मांठ में पहुंचकर जन-जन तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाई और लोगों की समस्याओं को भी सुना।

श्री अग्रवाल ने डोर-टू-डोर संपर्क करते हुए ग्रामीणों से आत्मीय बातचीत की तथा उन्हें स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि "स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है" और हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने घर, गांव और आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने में योगदान दे। इसी उद्देश्य से उन्होंने गांवों में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को प्रेरित किया। जनसंवाद के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल योजना सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार "सबका साथ, सबका विकास" के संकल्प के साथ अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। साथ ही उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं के प्रभाव और उनके अनुभवों की जानकारी भी प्राप्त की। इस अभियान में ग्रामीणों का उत्साहपूर्ण सहयोग देखने को मिला। कार्यक्रम में बी.आर. गौतम,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, छगन यादव, घनश्याम चंद्राकर,कार्यक्रम प्रभारी व पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, भाजपा महिला जिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा, सुमित सेन, सोहन धीवर, रानी साहू, रमेश बघेल, संतोष कुर्रे, दिलेश्वर साहू, गोपी जी, पार्षद पंचराम यादव, किसान भाजपा मोर्चा के महामंत्री श्रवन भोई ललित वर्मा, शत्रुघ्न वर्मा, जगमोहन वर्मा, प्रेम गिलहरे, लीला देवांगन, श्रव्य वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा का 'गांव चलो, घर चलो' अभियान सोनाड़ी में योजनाओं की दी जानकारी



**बलौदाबाजार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत को साकार करने हेतु भारतीय जनता पार्टी का 'गांव चलो, घर चलो' अभियान ग्राम सोनाडी, मंडल बलौदाबाजार ग्रामीण में आयोजित किया गया। यह अभियान का 47वां पड़ाव रहा।

अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने घर-घर जनसंपर्क कर केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की विष्णुदेव साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा लाभार्थियों से संवाद कर फीडबैक लिया। साथ ही बूथ स्तर पर संगठन सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में वक्ता रेवाराम साहू, अध्यक्षता रविशंकर वर्मा, मुरारी कन्नौजे, गोवर्धन पाल, मुकेश पाल, बूथ अध्यक्ष शिव वर्मा, टिकेश्वर साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता बैतल सारथी, दीना कन्नौजे, लक्ष्मीनारायण पोर्ते, मनोहर रजक, मोहित रजक, संतोष ध्रुव, सोमू निषाद, जगबाई रजक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाटापारा विधानसभा में भाजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान



भाटापारा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'गांव चलो बस्ती चलो' अभियान चलाया जा रहा हैं। अभियान के अंतर्गत भाटापारा विधानसभा के भाजपा कौशलपुर मंडल के ग्राम तरेंगा, मर्राकोना एवं शहर मंडल के सदर, संजय, शंकर वार्ड द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत भाजपा युवा मोर्चा के अविनाश शर्मा ने कार्यकर्त्ताओ और उपस्थित जनों से भेंट कर संवाद किया। उन्हें भाजपा की 46 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, संगठन के निरंतर विस्तार और केंद्र व प्रदेश सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों से अवगत कराया। यह अभियान भाजपा के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से शुरू होकर 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती तक चलाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य ग्राम पंचायत, वार्डवासियों और कार्यकर्ताओं से सीधा संपर्क स्थापित करना है। अभियान के दौरान, ग्रामीण निवासियों से भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर अविनाश शर्मा द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थितों को सम्बोधित कर अविनाश शर्मा ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य समाज के हर वर्ग तक विकास पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से 'गांव-चलो बस्ती-चलो' अभियान चलाया जा रहा है, ताकि लोगों को घर-घर जाकर योजनाओं से अवगत कराया जा सके और उन्हें लाभ मिल सके। इस अवसर पर हेमसिंह चौहान, दिलीप चक्रधारी, डिगा साहू, धनेश्वर साहू, टिका साहू, मुरली शर्मा, लुकेश साहू, आशीष टोडर, श्रेणीक गोलछा, सुरेश मंधान, नंदकिशोर वैष्णव, पीयूष साहू, लक्ष्मी नारायण सोनी, काके थदवानी, आयुष जैन, शिवम् गुप्ता सहित पार्टी पदाधिकारी एवं रहवासी उपस्थित रहे।

## गांव चलो-बस्ती चलो' अभियान से पार्टी को मिलेगी मजबूती : अग्रवाल

**भटगांव।** गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा मंडल भटगांव के द्वारा ग्राम देवी धाम देवसागर में हुई कार्यक्रम जिला भाजपा संघठन प्रभारी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम वहीं जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला भाजपा संघटन प्रभारी ने बताया कि 'गांव चलो बस्ती चलो' अभियान के तहत आज लगातार तीसरे दिन बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न शक्ति केन्द्रों एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं सहित आमजन के साथ जनसंपर्क किया। शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे किसान सम्मान निधि, बुढ़ापा पेंशन, जन-धन योजना, उज्ज्वला गैस योजना, ड्रोन दीदी, महतारी वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुकन्या योजना आदि योजनाओं से हर जाति हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। शंकर अग्रवाल ने कहा आज लोग मोदी सरकार व साय सरकार से पूरी तरह खुश हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा सरकार की असली ताकत हैं। 'गांव चलो बस्ती चलो' अभियान से भाजपा कार्यकर्ताओं में आपसी समन्वय बढ़ेगा और इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका विचार दर्शन आज भी भारतीय राजनीति और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

■ भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनकल्याण कारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से कर रहे मुलाकात






### सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है: ज्योति

भाजपा के जिला अध्यक्ष ज्योति पटेल ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गांव चलो बस्ती चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इस दौरान भाजपा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ जिला प्रभारी शंकर अग्रवाल, जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल, भाजपा जिला महामंत्री द्वारिका प्रसाद साहू, जिला पंचायत सदस्य डॉ.दिनेश लाल जांगड़े , पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सरिया स्वप्निल सोनी, जिला संयोजक शिक्षा अमरनाथ खटकर, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रेवती चंद्रा, मंडल अध्यक्ष धीरज दीक्षित , मण्डल महामंत्री श्याम लाल साहू खेलन यादव, नगर पंचायत भटगांव अध्यक्ष विक्रम कुर्रे उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, जिला मंत्री राम नारायण देवांगन, नगर पंचायत अध्यक्ष पवनी को कुलदीप साहू , सरपंच संघ अध्यक्ष हीरा लाल साहू , पूर्व पार्षद लक्ष्मी साहू,जिला उपाध्यक्ष चंचला महिलाने, ललिता निराला, जिला मीडिया सह संयोजक( पिछड़ा वर्ग मोर्चा) रामदुलार साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री फूल चंद जायसवाल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमल पटेल ,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रूप सिंह साहू, पार्षद रमा पटेल, टाइगर कुर्रे, विशाल चौहान, महत्तरू श्रीवास, जगदीश साहू, तुलसी आदित्य, रवींद्र सिंह बनाफर, सरपंच देवसागर उमा शंकर साहू, बाबा खान, गुलशन महिलाने, सम्मत सोनी, गणेश यादव, नेहरू साहू, जितेंद्र नेताम, संजय चंद्रा, रामाधार यादव, उत्तरा नारंग आदि समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## समाज में एकता, आपसी सहयोग हो वविवादों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



बिलाईगढ़ रेस्ट हाउस के सामने स्थित सामाजिक भवन गोविंदवन में प्रगतिशील सतनामी समाज छत्तीसगढ़ की सामाजिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के पदाधिकारियों के साथ-साथ बिलासपुर, कोरबा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक के दौरान समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से प्रमोद नवरत्न एवं अंजना बंजारे के बीच चल रहे आपसी मतभेद को सुलझाने को लेकर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। समाज द्वारा पूर्व में सूचना दिए जाने के बावजूद प्रमोद नवरत्न बैठक में उपस्थित नहीं हुए, जिस पर उपस्थित पदाधिकारियों ने नाराजगी व्यक्त की। हालांकि समाज ने सौहार्दपूर्ण समाधान की मंशा रखते हुए प्रमोद नवरत्न को एक और अवसर देने का निर्णय लिया। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि अगली बैठक में यदि प्रमोद नवरत्न उपस्थित नहीं होते हैं, तो समाज सामाजिक नियमों एवं परंपराओं के अनुसार उचित निर्णय लेने के लिए बाध्य होगा। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने समाज में एकता, आपसी सहयोग और विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने पर जोर दिया। साथ ही समाज की मजबूती के लिए सभी सदस्यों से सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की गई।

■ सामाजिक भवन गोविंदवन में प्रगतिशील सतनामी समाज की बैठक

## बस्तर की प्राकृतिक व सांस्कृतिक धरोहर को छात्र- छात्राओं ने देखा और समझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा के छात्र-छात्राओं ने बस्तर अंचल के प्रसिद्ध पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने तीरथगढ़ जलप्रपात, बारसूर गणेश मंदिर, चित्रकूट जलप्रपात, कुटुमसर गुफा तथा दंतेश्वरी मंदिर जैसे ऐतिहासिक, प्राकृतिक एवं धार्मिक महत्व के स्थलों का अवलोकन किया। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान छात्रों ने बस्तर की अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता तथा समृद्ध आदिवासी संस्कृति को निकट से समझा।





### प्राकृतिक सौंदर्य और ज्ञान का संगम

तीरथगढ़ एवं चित्रकूट जलप्रपात की मनोहारी छटा ने विद्यार्थियों को अत्यंत आकर्षित किया। जलप्रपातों की विशालता और प्राकृतिक परिवेश ने उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। वहीं कुटुमसर गुफा की रहस्यमयी संरचना और भूगर्भीय विशेषताओं ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा को बढ़ाया। बारसूर गणेश मंदिर, जो प्राचीन काल में नागवंशीय शासकों की राजधानी रहा है, अपनी ऐतिहासिक धरोहरों एवं अद्भुत स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ स्थित गणेश मंदिर अपनी विशाल एवं आकर्षक गणेश प्रतिमा के कारण विशेष महत्व रखता है, जो विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं इतिहास से जोड़ने का कार्य किया। दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन के दौरान छात्रों ने क्षेत्र की धार्मिक आस्था एवं परंपराओं को समझा। यह अनुभव उनके नैतिक एवं सांस्कृतिक विकास में सहायक सिद्ध हुआ।

### भ्रमण विद्यार्थियों के लिए जीवंत पाठशाला: व्याख्याता

वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए एक जीवंत पाठशाला सिद्ध हुआ, जहां उन्होंने प्रकृति, इतिहास और संस्कृति को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया। उन्होंने छात्रों को ऐसे अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने की प्रेरणा दी। सेवानिवृत्त व्याख्याता डोमार सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं, बल्कि जीवन के विविध आयामों को समझना है। उन्होंने इस भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया।

### कक्षा के बाहर प्राप्त अनुभव जीवनपर्यंत स्मरणीय: प्राचार्य

विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि कक्षा के बाहर प्राप्त अनुभव जीवनपर्यंत स्मरणीय रहते हैं। विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि "बस्तर जैसे क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत से परिचय विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ता है और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देता है।"

## पेज 9 के शेष

### भाटापारा शाखा नहर...

है। इस संबंध में ग्राम पंचायत मोपका के सरपंच डॉ. चेतन वर्मा का कहना है कि पूर्व की कांग्रेसी यह कहते नहीं थकते थे कि नहर में पानी उनका सपना है लेकिन भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा के प्रयास से पानी आया। वहीं दूसरी ओर बारिश के मौसम के साथ साथ गर्मी के सीजन में भी समय समय पर नहर में पानी दिया जाता है। यहां 14 किलो मीटर दूर मोपका पानी पहुंच चुका है। वहीं पक्की नहर लाईनिंग हो जाने के बाद बारहमासी दो फसल क्षेत्र के किसान ले सकेंगे। डॉ. वर्मा ने यह भी कहा कि भाजपा ने इस शाखा नहर के लिए काफी कडा संघर्ष किया है और उसी का परिणाम आज देखने को मिल रहा है कि शाखा नहर में पानी आया है

### चौड़ीकरण में देरी...

माह यहाँ कोई न कोई मासूम रफ़्तार की भेंट चढ़ रहा है। हादसे के बाद ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सड़क चौड़ीकरण और डिवाइडर निर्माण का कार्य तत्काल युद्ध स्तर पर शुरू किया जाए। घनी आबादी वाले क्षेत्रों और मुख्य मोड़ों पर स्पीड ब्रेकर व संकेत बोर्ड लगाए जाएं। तेज रफ़्तार भारी वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए, तो इस 'खूनी सड़क' पर मौतों का सिलसिला कभी नहीं थमेगा। पुलिस ने हाइवा को जब्त कर मामला जांच में ले लिया है।

### 1 मई से शुरू ...

(आवासीय/व्यावसायिक/अन्य), निर्माण की प्रकृति (कच्चा/पक्का/अर्ध-पक्का), परिवारों की संख्या एवं उनके आवासीय विवरण, उपलब्ध बुनियादी सुविधाएं, जैसे- पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की सुविधा, विद्युत कनेक्शन, रसोई गैस/ईंधन का प्रकार, इंटरनेट/संचार सुविधाएं यह जानकारी देश की सामाजिक-आर्थिक योजनाओं, शहरी एवं ग्रामीण विकास, आवास योजनाओं, जल एवं स्वच्छता कार्यक्रमों तथा बुनियादी ढांचे के विकास हेतु अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। प्रगणक निर्धारित अवधि के दौरान प्रत्येक घर पर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे। प्रगणक अधिकृत पहचान पत्र के साथ जाएंगे, जिसकी पुष्टि नागरिकों द्वारा की जा सकती है। नागरिकों से अनुरोध है कि वे प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान करें। जनगणना के दौरान एकत्रित की गई सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। इस जानकारी का उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों एवं नीतिगत निर्णयों के लिए किया जाएगा। किसी भी व्यक्ति विशेष की जानकारी को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। निर्धारित समयावधि में स्व-गणना का लाभ उठाएं। केवल अधिकृत गणना कर्मियों को ही जानकारी प्रदान करें। सटीक एवं सत्य जानकारी देना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

### कलेक्टर ने पीएम...

होगा। इससे छत का पानी बहकर व्यर्थ नहीं जाएगा बल्कि जमीन के अंदर जाकर रिचार्ज करेगा। उन्होंने सभी से अपने मकान के पास सोखता गड्ढा निर्माण के लिए अपील किया। कलेक्टर शर्मा ने आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से गिनती, एबीसीडी, फलो, जानवरों के नाम पूछे। कई बच्चों ने कविता भी सुनाई। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों की दर्ज संख्या, गर्भवती व शिशुवती महिलाओं को रेडी टू इट वितरण के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी भवन के पास सोखता गड्ढा निर्माण के लिए श्रमदान कर लोगों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम श्यामा पटेल, डीपीओ अतुल परिहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला प्रीमियर लीग...

बाजार वारियर्स की टीम 107 रन पर ऑल आऊट हो गयी। वारियर्स के कैप्टन शाकिब मिर्जा ही कुछ संघर्ष कर सके जिन्होंने 23 गेंद में 23 रन का स्कोर बनाया। एमएलजे की टीम 92 रन से विजेता घोषित की गयी तथा कप्तान कुनाल साव को मैन आफ द मैच घोषित किया गया। स्कोरर की भूमिका युग, अभिषेक व सागर ने निभाई। इसके पूर्व अतिथि पुष्पराज वर्मा ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए अपना बेहतर प्रदर्शन करने को प्रेरित किया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों को सुरक्षित यातायात हेतु आवश्यक मार्ग दर्शन प्रदान कर उन्हें पुलिस के यातायात वालेंटियर्स की भांति सहयोग प्रदान करने की अपील किया।

### हथबंद में सरकारी...

मंझले भाई है। वहीं दिलीप यादव के छोटे भाई महेश यादव के नाम से चार कॉम्प्लेक्स बताया। बाकी का कॉम्प्लेक्स दिलीप यादव का नाम से पंकज ढाबा, सखी चाय दुकान, भावना क्लिनिक, भारत माता के पास टायर दुकान, देवा सतनामी बिजली वाले के भी पूरा कॉम्प्लेक्स का पंचनामा कर शासकीय भूमि में पाया गया जिनका कोई पट्टा नहीं दिखा पाए साथ ही सहकारी बोर को कब्जा उनका ही होना बताए। जांच में पहुंचे अधिकारी सिमगा से दुर्गेश साहू, सुरेश व भुपेंद्र वर्मा साथ ही पटवारी एमडी कोसले ने जानकारी देते हुए जगह-जगह बनाए काम्प्लेक्स का जांच किया और पंचनामा रिपोर्ट तैयार सभी को शासकीय भूमि पर कब्जा बताए गए।



## खबर संक्षेप

### कनकी नहर से दतरेंगी तक छोड़ा पानी, मिलेगी राहत



भवानीपुर। क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच सूखाग्रस्त स्थिति को देखते हुए कनकी नहर से दतरेंगी तक पानी छोड़े जाने पर भाजपा रोहासी मंडल अध्यक्ष विजय कोसले ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। मंडल अध्यक्ष श्री कोसले ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण तालाब और जलस्त्रोत सूखने की स्थिति में पहुंच गए थे। इसे देखते हुए उन्होंने नहर में पानी छोड़ने की अपील की थी। प्रशासन द्वारा कनकी नहर से दतरेंगी तक पानी छोड़े जाने से क्षेत्र के कई गांवों में राहत मिली है।उन्होंने कहा कि नहर में पानी आने से सूख चुके तालाबों में फिर से पानी भरने लगा है, जिससे ग्रामीणों, किसानों तथा पशुओं को काफी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के इस त्वरित निर्णय के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है।

### संयुक्त मसीह समाज ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

रायपुर। प्रदेश में लागू, प्रस्तावित धर्म विधेयक के विरोध में शनिवार को संयुक्त मसीह समाज के प्रतिनिधियों द्वारा हजारों नागरिकों के हस्ताक्षरयुक्त पत्र के साथ राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर संयुक्त मसीह समाज के पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रभाकर सोनी ने बताया कि इस हस्ताक्षर अभियान में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया है और इस कानून के प्रति अपनी असहमति दर्ज कराई है। समाज का कहना है कि यह कानून भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। समाज के अनुसार, यह विधेयक विशेष रूप से संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 25 (धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार) के विपरीत प्रतीत होता है। इसके कारण एक विशेष समुदाय को लक्षित किए जाने की आशंका है, जिससे समाज में असमानता और भेदभाव का वातावरण बन रहा है। समाज ने प्रदेश के सभी नागरिकों से भी आव्हान किया है कि वे संविधान की रक्षा और सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने के लिए एकजुट रहें।

### 5 कार्यों के लिए 90 लाख स्वीकृत

रायपुर। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने रायपुर जिले के खरोरा नगर पंचायत में पांच कार्यों के लिए अधोसंरचना मद से 89 लाख 96 हजार रुपए मंजूर किए हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने यह आदेश जारी किया है। खरोरा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-8 में शहीद खिलानंद साहू प्रतीक्षा बस स्टैंड में क्रांकीट निर्माण एवं रिपेयरिंग कार्य के लिए 25 लाख 78 हजार रुपए, डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन परिसर में बाउंड्रीवॉल के लिए 29 लाख 57 हजार रुपए तथा बस स्टैंड से अटल परिसर तक आर.सी.सी. नाली एवं रोड क्रॉसिंग पुलिया के निर्माण के लिए 17 लाख 54 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

## निधन

### रमेश कुमार गिलहरे




बंगोली । ग्राम बरौंडा निवासी रमेश कुमार गिलहरे सचिव उम्र 57 वर्ष का निधन 12 अप्रैल को को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के श्मशान घाट मे किया गया । अंतिम यात्रा में बेदराम मनहरे-भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री व नशामुक्ति अभियान के प्रदेश प्रभारी सहित स्वजातीय व अन्य समाज के लोग उपस्थित होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की । वे विश्वासा गिलहरे के पति थे। स्व.विश्राम गिलहरे ,फुलबाई गिलहरे के ज्येष्ठ सुपुत्र थे । भारत भूषण गिलहरे, प्रमोद गिलहरे, डॉली गिलहरे (सी एच ओ ), हेमंत गिलहरे के पिता थे। सुरेश कुमार पूर्व सरपंच, ईश्वरी गिलहरे शिक्षक के बड़े भाई थे ।

# मित्रता अगर हो तो कृष्ण और सुदामा की तरह हो: पंडित पवन

**तारशिव में आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ समारोह का आठवां दिन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



समीपस्थ ग्राम ताराशिव में आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ समारोह के अष्टम दिवस पर पंडित पवन तिवारी ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी जी के विवाह के बाद अनन्या विवाह किये। भगवान श्री कृष्ण के सोलह हजार एक सौ आठ पटरानी हुए। प्रथम पुत्र भगवान के प्रद्युम्न हुए, जो साम्प्रासुर का वध किये। जरासंध के पास ब्राह्मण का रूप लेकर भगवान श्री कृष्ण, अर्जुन और भीमसेन गए। भीमसेन ने जरासंध को सत्ताइस दिन के लगातार युद्ध के बाद समाप्त किया। शिशुपाल, दंत वक्र का वध किया और समाज में शांति स्थापित कर भगवान द्वारका में निवास करने लगे।

पंडित तिवारी ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया। चरितत्र का वर्णन करते हुए महाराज जी ने बताया कि आज के परिवेश ने मित्रता अगर हो तो सुदामा और कृष्ण जैसी हो, मित्रता अगर हो तो सुग्रीव और राम जैसी। मित्रता अगर हो तो दूध और पानी जैसी। सुदामा दरिद्र नहीं बल्कि गरीब थे। गरीब होना पाप, अपराध नहीं बल्कि गरीब होकर परमात्मा को भूल जाना यह सबसे बड़ा पाप है।



### भगवान से मिलने चार कदम बढ़ेंगे तो वे दस कदम आएंगे

प्रवचनकर्ता पं. पवन ने बताय कि पत्नी सुशीला के कहने पर भगवान से मिलने के लिए सुदामा जी गए। भगवान से मिलने के लिए जब आप चार कदम आगे बढ़ेंगे तो भगवान आपसे मिलने के लिए दस कदम आगे बढ़ेंगे। भगवान ने सुदामा जी को लाने के लिए गरुड़ को भेजा। सुदामा जब पहुंचे तो द्वारपालों ने रोका। यह मिलन मानसिक नहीं बल्कि एक शारीरिक मिलन का दोनों एक दूसरे के गले लगे। भगवान श्री कृष्ण ने सुदामा जी के चरणों को परिवार सहित पखारा, चरणामृत लिए। भगवान अपने मित्र के दुख को जान गए। और सुदामा जी को कुबेर से भी ज्यादा धनवान बना दिया। सुदामा और सुशीला का जीवन धन्य हुआ।

## आयोजन : मिनीमाता कॉलेज में पत्रकारिता की पाठशाला

# पत्रकारिता केवल खबर नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण जिम्मेदारी जिसमें सत्यता निष्पक्षता और तथ्य का विशेष महत्व

हरिभूम न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ विद्यार्थियों को दिया गया प्रैक्टिकल ज्ञान, सीखे फोटो जर्नलिज्म के गुर

शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के हिंदी विभाग के अंतर्गत आयोजित 6 दिवसीय इंटर्नशिप समतुल्य कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। जिसके पांचवें दिन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों द्वारा विद्यार्थियों को पत्रकारिता के विविध आयामों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में पत्रकार देवेश साहू ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में हर व्यक्ति सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना का आदान-प्रदान कर रहा है। लेकिन पत्रकारिता केवल खबरों के प्रसार तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक जिम्मेदारी पूर्ण कार्य है, जिसमें सत्यता, निष्पक्षता और तथ्यात्मकता का विशेष महत्व होता है। पत्रकार समाज का सजग दर्पण और प्रहरी होता है जो न केवल घटनाओं को प्रस्तुत करता है बल्कि उनके पीछे छिपे सत्य को उजागर करने का कार्य भी करता है। साथ ही छात्रों को फेक न्यूज़ से सावधान रहने एवं किसी भी जानकारी को साझा करने से पूर्व उसके सत्यापन की सीख दी गई। उन्होंने छात्रों को समाचार की संरचना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि एक प्रभावी समाचार में शीर्षक, इंट्रो, विवरण, पृष्ठभूमि और निष्कर्ष का समुचित संतुलन होना आवश्यक है। साथ ही 5 डब्लू 1 एच के आधार पर समाचार लेखन की प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विभिन्न पहलुओं जैसे लोकेशन, स्लग, एंकर, वॉइस ओवर एवं बाइट की तकनीकी जानकारी भी प्रदान की गई। इसके अलावा पीटीसी, वॉक थ्रू, 121 इंटरव्यू एवं वॉक्स पॉप जैसे व्यावहारिक पक्षों से भी छात्रों को अवगत कराया गया।

हिंदी विभाग द्वारा आयोजित इस इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पत्रकारिता के क्षेत्र में व्यावहारिक एवं तकनीकी ज्ञान प्रदान करना है जिससे वे भविष्य में इस क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय, हिंदी विभागाध्यक्ष सुनीता त्यागी, अतिथि व्याख्याता मंजू अग्रवाल, पूजा बंधे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### प्रभावशाली तस्वीर खबर को बनाती है विश्वसनीय

वही अरविंद मिश्रा ने पत्रकारिता में फोटोग्राफी की भूमिका को बताया उन्होंने कहा कि एक प्रभावशाली तस्वीर खबर को अधिक विश्वसनीय और आकर्षक बनाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, फोटो किसी भी घटना का प्रत्यक्ष प्रमाण होती है जिससे पाठकों और दर्शकों का भरोसा बढ़ता है। फोटोग्राफी के माध्यम से जटिल घटनाओं को आसानी से समझाया जा सकता है। साथ ही यह लोगों की भावनाओं को भी सीधे प्रभावित करती है। डिजिटल और टीवी मीडिया में तो तस्वीरों और वीडियो का महत्व और भी बढ़ गया है जहां हर खबर के साथ दृश्य प्रस्तुत करना जरूरी हो गया है। एक अच्छी फोटो न केवल खबर को जीवंत बनाती है बल्कि भविष्य के लिए ऐतिहासिक दस्तावेज के रूप में भी काम करती है।

# हौसलों की मिसाल रहीं अर्चना को कौशल्या साय ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ सक्षम ने किया महिला सम्मान समारोह का आयोजन

दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्यरत राष्ट्रीय संगठन "सक्षम" के महिला आयाम द्वारा रायपुर के समीप ग्राम सेमरिया स्थित कोपलवाणी श्रवण बाधित आवासीय विद्यालय में महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 90 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग एवं कृषि विभाग बलौदाबाजार में सहायक सांख्यिकीय अधिकारी के रूप में कार्यरत अर्चना बघेल को उनके अदम्य साहस और प्रेरणादायी कार्यों के लिए मुख्य अतिथि कौशल्या देव साय द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग कलाकारों की प्रतिभा भी उभरकर सामने आई। संस्थापक पदमा शर्मा ने दिव्यांगों को प्रोत्साहन देने का संदेश दिया। समारोह में विभिन्न गणमान्य अतिथि एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# एकता मानस मंडली की मनमोहक प्रस्तुति से श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर में धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला जब श्री सिद्धेश्वर महादेव रामायण समिति गांधी चौक नगर पंचायत पलारी द्वारा आयोजित नव दिवसीय रामायण कार्यक्रम का समापन भव्य एवं श्रद्धामय वातावरण में हुआ। अंतिम दिवस पर एकता मानस मंडली राजनांदगांव द्वारा आकर्षक एवं भावपूर्ण रामायण प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर के पूर्व अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में नगरवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए ऐसे धार्मिक आयोजनों को समाज में सकारात्मक ऊर्जा और संस्कारों के प्रसार का माध्यम बताया। साथ ही समिति द्वारा सफल आयोजन के लिए सहयोगियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया।

### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष अमित वर्मा,पार्षद भूषण ठेठवार व देवेन्द्र बंटी वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि योगेश योगी वर्मा, कृष्णा देवांगन, नरसिंह वर्मा,वरिष्ट नागरिक मुकुत वर्मा, रामखिलावन वर्मा, राधेश्याम वर्मा, बंटी वर्मा,लाला वर्मा, संतोष वर्मा, प्रेम देवांगन, लक्ष्मण रजक, संतोष देवांगन, शैलेन्द्र धीवर, सुमित तिवारी, रवि वर्मा, प्यारेलाल ध्रुव, योगेश मंढरिया, मनीष दुबे जी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर बच्चों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला बरपाली रोड टुण्डरा में 10 अप्रैल को हरित विद्यालय के अंतर्गत प्रोजेक्ट इन्वेंशन ग्रीन स्कूल पर विशेषज्ञ वार्ता का कार्यक्रम रखा गया था । जिसमें एक्सपर्ट टास्क विशेषज्ञ वार्ता के मुख्य अतिथि भुवन विजय साहू आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी टुण्ड्रा एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल टुण्डरा के प्रभारी प्राचार्य टीकमचंद पटेल एवं साथ में योग शिक्षक परमेश्वर देवांगन की भी उपस्थिति रही । इसका उद्देश्य हरित विद्यालय के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के प्रति बच्चों में जागरूकता बढ़ाना एवं प्रकृति के महत्व से परिचित कराना तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र में पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ । तत्पश्चात पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला बरपाली रोड टुण्डरा के प्रधान पाठक अरुण कुमार पटेल द्वारा मंचस्थ अतिथियों का चंदन,गुलाल एवं बैच लगाकर हृदय से स्वागत किया गया । मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से संबंधित, जीवन में पेड़ पौधे के महत्व को समझाते हुए छोटे-छोटे सरल उदाहरण देकर बताया गया कि पर्यावरण का संरक्षण और समर्थन करना कितना आवश्यक है। हमें पेड़ पौधे लगाना भी अनिवार्य है। पेड़ पौधे से ही हमारा जीवन सुरक्षित रह सकता है ।

### अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मान

प्रभारी प्राचार्य टिकमचंद पटेल ने भी संबोधित कर बच्चों को हरित विद्यालय के अंतर्गत पर्यावरण से संबंधित सारगर्भित उद्बोधन दिए और साथ ही योग शिक्षक देवांगन के द्वारा भी योग शिक्षा पर प्रकाश डाला । अंत में प्रधान पाठक अरुण कुमार पटेल द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान करते हुए बच्चों को हरित विद्यालय के तहत कार्यक्रम के उद्देश्य को समझाया। सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा भी किया । कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक मेलाराम यादव पी एम बरपाली रोड टुण्डरा के द्वारा किया गया।

# देवसुन्द्रा में कांग्रेस की पंचायत एवं बूथ कमेटी का हुआ गठन

पलारी। विकासखंड पलारी के ग्राम देवसुंन्द्रा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कसडोल विधायक संदीप साहू, जिला अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे के मार्गदर्शन और मंडल अध्यक्ष बिहारी बघमार कुमार साहू, राजेन्द्र मिश्रा की उपस्थिति में मिशन गांव चलो अभियान के तहत संगठन को निचले स्तर तक और मजबूत बनाने के उद्देश्य से वार्ड बूथ एवं पंचायत कमेटियों का गठन किया गया। सुरेश वर्मा, खूबचंद यादव और हेमनाथ वर्मा को सर्वसम्मति से बूथ अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उक्त अवसर पर संजु वर्मा, मानसिंह वर्मा, लाला वर्मा, कल्याण साहू, युगल किशोर यादव, डंगेश्वर वर्मा, केजन साहू, चेतन वर्मा, कमल वर्मा आदि उपस्थित थे।



# कुकराचुंदा में रंगमंच निर्माण का भूमिपूजन

हथबंद । जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकराचुंदा में रंगमंच निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जनपद सभापति झग्गार पाल (जनपद निधि) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत राम उपस्थित रहे। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया और ग्राम के विकास कार्यों की सराहना की। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। भूमिपूजन के साथ ही गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने रंगमंच निर्माण को सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में सरपंच राजकुमार ध्रुव, महेंद्र साहू, प्रीतम दास बंजारे, मोहन धिगड़े, खोमलाल साहू, अजय यद्दु, तिवारी, धनीराम रजक, बरातू ध्रुव, सीताराम यद्दु, त्रिलोचन यद्दु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## प्राथमिक शाला नेवधा में अंगना में शिक्षा व पढ़ई तिहार का आयोजन

# घर के एक कोने को बच्चों के सीखने की जगह बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा





शासकीय प्राथमिक शाला नेवधा में शनिवार को अंगना म शिक्षा एवं पढ़ई तिहार का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय श्रीवास्तव व बीआरसी किरण कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा को विद्यालय की चारदीवारी से निकालकर घर-घर तक पहुंचाने की पहल की गई, जिसमें स्थानीय माताओं ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता की।

अभियान के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए डीआरजी भारती वर्मा ने बताया कि हर घर ब्लैकबोर्ड योजना के तहत घर के एक कोने को बच्चों की सीखने की जगह बनाना है। स्वच्छ यूनिफॉर्म मिशन के जरिए बच्चों में स्वावलंबन, जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया। साथ ही, भीषण गर्मी को देखते हुए हर घर हाइड्रेशन स्वस्थ बचपन अभियान की जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत माताओं को घर पर ओआरएस बनाने और बच्चों को डिहाइड्रेशन से सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित माताओं ने इन बारीकियों को समझा और इसे अपने घरों में लागू करने की सहमति जताई। कार्यक्रम में विकासखंड की बीआरजी नीलम वर्मा, बसंती कौशिक, संकुल समन्वयक धरमपाल डहरिया, प्रधानपाठक चिन्ताराम धीवर शाला प्रबंधन समिति सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता सहायिका सहित कक्षा पहली में नव-प्रवेशी बच्चे और उनकी माताएँ भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411